Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 03-11-2022 अंक 389

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रैक्टर एवं बाइक की टक्कर में बाइक चालक घायल



बरही थाना अंतर्गत देवचन्दा मोड़ के नजदीक हुई ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में मुन्ना टुड्डू उम्र 25 वर्ष पिता रमजीत उराव ग्राम कुसुम टोला टंडवा जिला चतरा निवासी घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक अपना निजी काम से कोड. रमा जा रहा था। वहीं ग्रामीणों के सहयोग से उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया जहां उनका उपचार कर छुट्टी दे दिया गया।

### 17 वर्षीय युवक की रोटावेर हल में फंसने से मौत

कोडरमा चंदवारा थाना क्षेत्र के मदनगुंडी पंचायत अंतर्गत करौंजिया गाँव में ट्रैक्टर से हल चलाने के दौरान रोटावेर हल में फंस जाने से कटकर एक युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान संजीत यादव पिता दशरथ यादव उम्र लगभग 17 वर्ष ग्राम करौंजिया थाना चंदवारा के रूप में की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक उसी गांव के ब्रह्मदेव यादव के ट्रैक्टर से अपने आलू के खेत में ट्रैक्टर मे रोटावेर हल चला रहा था। हल चलाने के क्रम ट्रैक्टर में लगे रोटावेर का नट ढीला हो जाने के कारण युवक चलते हुए रोटावेर हल में नट को टाइट कर ट्रैक्टर में चढ़ने के दौरान पैर फंस गया और ड्राइवर की नजर नहीं पड़ी। ड्राइवर ने गाड़ी आगे बढ़ा दिया और अंधेरा होने के कारण चालक को दिखाई नहीं दिया। रोटावेर हल में फंसने के बाद ट्रैक्टर युवक को काफी दूर तक खेत में घसीटता रहा।

जिसके वजह से पूरे शरीर में गहरी चोट आई और एक पैर लगभग पूरा कट गया। जिससे घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई । घटना का पता चलने पर थाना प्रभारी के आदेश पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंच कर मृत युवक के परिवार व स्थानीय लोगो को समझाकर मृत शरीर को कब्जे में लिया। पो शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया । मौके पर इंस्पेक्टर अवधेश सिंह व सहायक पुलिस कर्मी मौजूद थे । घटना के बाद पूरे परिवार व गांव में मातम का माहौल है ।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

APEM LIVE

# 11नवम्बर को भाजपा द्वारा बरही प्रखंड मुख्यालय में करेगी सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन

## कार्यक्रम को लेकर भाजपा के दोनो मंडलों की संयुक्त बैठक में बनी रणनीति

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार राज्य के सभी प्रखंडों में 7नवम्बर से लेकर 13नवम्बर के बीच प्रखंड कार्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा गया है। इसकी तैयारी को लेकर गुरुवार को बरही प्रखंड के करियातपुर सन राइज स्कूल में बरही के दोनों मंडलों की संयुक्त बैठक मंडल प्रभारी उदयभान नारायण सिंह मौजुदगी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का अध्यक्षता बरही पूर्वी मंडल अध्यक्ष बंधन यादव तथा संचालन पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू ने की। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए मंडल प्रभारी उदयभान सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार के क्रियाकलापों से जनता असंतुष्ट हैं ।राज्य में खुलेआम लुटपाट, लोगों के दिनदहाड़े निर्मम हत्याएं, दुष्कर्म, अपहरण, इत्यादि जैसे घटनाएं दिन प्रतिदिन होते रहता है। आमजनता भय दहशत में रह रहे हैं। सरकारी दफ्तरों में घुसखोरी चरम पर है। इन सब बातों को लेकर भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने धरना प्रदर्शन देकर विरोध किया जाना का तय हुआ है। इस सम्बन्ध में बरही प्रखंड के दोनों मंडल के द्वारा संयुक्त रूप से 11नवम्बर को प्रखंड कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाना तय किया गया है। उन्होंने ने कहा कि निर्धारित तिथि एवं समय पर सभी मंडल के पदाधिकारी सभी मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने पर बल दिया गया।इस बैठक में मुख्य रूप दोनों मंडल के प्रभारी उदय भान नारायण सिंह, बरही पूर्वी मंडल अध्यक्ष बंधन यादव पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू वरिष्ठ भाजपा नेता अंबिका सिंह, विधानसभा सांसद प्रतिनिधि संजीव कटरियार, महामंत्री डोमन पाण्डेय, युवा मोर्चा अध्यक्ष रितेश केशरी पश्चिमी मंडल महामंत्री प्रमोद सिंह,नवल किशोर सिंह, नन्दलाल कुशवाहा, किसान मोर्चा अध्यक्ष विनोद प्रसाद, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष रामचंद्र टुड्डू, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष रामशरण पासवान, मनोज कुमार,दीलीप गुप्ता, उपेंद्र सिंह, सुनील भुइयां, कृष्णा भुईयां, लक्ष्मी सिंह, सागर कुमार, सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए।



बैठक में शामिल भाजपाई

# भंडारों पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ष्आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारष के कार्यक्रम के तहत गुरुवार को भंडारों पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक उमाशंकर अकेला, प्रमुख मनोज रजक, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, बीडीओ सी. आर. इंदवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बरही विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू एवं मुखिया रीना देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर में 15 वीं वित आयोग, आवास, सावित्री भाई फुले किशोरी समृद्ध योजना, ई श्रम कार्ड, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, राशन कार्ड, स्वास्थ्य, जिला आपूर्ति सहित अन्य कई स्ट०ल लगाए गए। वहीं इस शिविर में कुल 684 लोगों ने आवेदन जमा किए जहां 155 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। बाकी के आवेदन प्रक्रिया में भेजी गई है। साथ ही 150 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण हुआ। साथ ही अलगडीहा निवासी अलाउद्दीन के जमीन पर डोभा निर्माण योजना के लिए स्वीकृति पत्र भी दिया गया एवं नीलांबर पीताम्बर जल समृद्धि योजना के तहत सात योजना का चयन किया गया। इस शिविर में आधार शुद्धिकरण का कार्य किया गया। नए राशन कार्ड लाभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना से संबंधित आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाशंकर अकेला ने बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया तथा पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविर में पहुंचकर राज्य सरकार की अनेकों लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया। मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला, एसडीओ पूनम कुजूर, बीडीओ सी.आर. इंदवार यादव, प्रमुख मनोज रजक, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, मुखिया रीना देवी, मुखिया प्रति. निधि सकलदेव यादव सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।



दीप प्रज्वलित करते विधायक एवं अन्य



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बाराटांड के युवक शिव कुमार की पुणे में निधन, शोक की लहर

### आई टी आई योग्यताधारी होने के बाद भी रियाडा में नही मिला था काम, तब गया था पुणे : छोटन ठाकुर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


शिवकुमार दास (फाइल फोटो)

बरही पूर्वी पंचायत के बाराटांड़ निवासी 24 वर्षीय युवक शिव कुमार दास पिता राजकरण रविदास की मौत पुणे में हो गई। जानकारी के मुताबिक उसे डेंगू हो गया था। निदान हॉस्पिटल पुणे में उन्होंने 28 अक्टूबर को इलाज कराया। लेकिन सुधार नही हुआ। जिसके बाद वह 30 अक्टूबर को अकेले ही ट्रेन से घर आ रहा था। बीच में उसकी तबीयत और बिगड़ गई। वह घर आने के दौरान ही एक स्टेशन पर उतर गया। स्टेशन पर ही वह स्वास्थ्य केंद्र में दिखाया। इसी दौरान ही 31 अक्टूबर को उनकी मौत हो गई। शव को वाहन से घर बाई रोड लाया जा रहा है। निधन से पूरे गांव में शोक है और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इस मामले में बरही पूर्वी पंचायत के पूर्व मुखिया एवम वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर ने बताया की बरही औद्योगिक क्षेत्र में एचपीसीएल प्लांट सहित दर्जनों उद्यम संचालित हैं। इन सभी उद्यमों में मृतक शिव कुमार ने रोजगार के लिए कई बार अपना रिज्यूम दिया। काफी मिन्नते की। अपनी शैक्षणिक योग्यता से अवगत कराया। लेकिन आई टी आई योग्यताधारी होने के बाद भी उन्हें काम नही मिला। मजबूरन रोजगार के लिए युवक शिव कुमार इसी दुर्गा पूजा में पुणे चला गया। जहां उन्हें एक कंपनी में काम मिला। काम करने के दौरान ही उन्हें डेंगू बुखार हो गया। इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। छोटन ठाकुर ने कहा की यदि रियाड़ा में उन्हे काम मिल गया होता तो शायद एक होनहार युवक की मौत नही हुई होती। कहा की दर्जनों फैक्ट्रियां यहां लगी हुई है। जिसमें जनप्रतिनिधियों के दबाव में बरही एवम उनकी चहेतों को ही काम दिया जाता है। गरीब एवम जरूरतमंद को काम नही मिलता है। विडंबना है की बाहरी लोग बरही रियाडा में काम कर रहे हैं और स्थानीय लोगो को रोजगार के लिए दूसरे महानगरों में पलायन करना पड़ रहा है। इस पर चिंतन मनन करने चाहिए। उन्होंने बरही में संचालित फैक्ट्री संचालकों से आग्रह किया की किसी के प्रभाव में नही, बल्कि योग्यता एवम स्थानीयता के आधार पर बिना किसी की पैरवी के रोजगार उपलब्ध कराएं। ताकि योग्यताधारी को बाहर पलायन नही करना पड़े।

स्वास्थ्य ही धन है !
॥ सर्वे सन्तु निरामयः ॥
हमारा प्रयास बेहतर ईलाज !!
JHN
जीवन हेल्थ नर्सिंग होम
NH-2, लस्करी मोड़,
नियर लोक नायक फैमिली रेस्टुरेंट
रसोईया धमना, बरही - 825405 (ह.बाग)
प्रिय सज्जनों,
Reg. No.- 2036000613
अपार हर्ष के साथ आप सबों को सूचित किया जाता है कि आपके नजदीक जी. टी.रोड, लस्करी मोड़ (रसोईया धमना), बरही में जीवन हेल्थ नर्सिंग होम खुल गया है, जहाँ सभी तरह के बिमारियों का ईलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा होता है।
24/7 Emergency Services
हमारे यहाँ उपलब्ध सुविधाएँ
OXYGEN · NEBULIZER · E.C.G. · X-RAY
Computrized Lab · AMBULANCE

खाँसी, सर्दी, जुकाम, मलेरिया, टाईफाइड, डेंगू, कोविड, टी.बी., हड्डी फैक्चर, गठिया, वाद, माइग्रेन, लकवा, हड्डी दर्द, सर्वाइकल स्पोण्डोलिसिस, फ्रोजेनसोल्डर, कमर दर्द, स्कीन डिजीज इत्यादि का सफल ईलाज कुशल डॉक्टरों द्वारा किया जाता है।
नोट : हमारे यहाँ सभी तरह के ऑपरेशन एवं सुरक्षित प्रसव कुशल डॉक्टरों द्वारा किया जाता है जैसे अँपेन्डिक्स, वाबासीर, हर्निया, हाइड्रोसिल, पथरी, बच्चेदानी इत्यादि।
नॉर्मल डिलेवरी की विशेष सुविधाएँ उपलब्ध है।
दिनांक 01 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2022 तक
डा. एम. एम. खान द्वारा प्रत्येक रविवार O.P.D. एवं Sugar (मधुमेह) जाँच Free (मुफ्त)
Dr. Rahul Kumar
MBBS.( Bangalore)
General Physician & Surgeon
Ranchi, RIIMS
Dr. M.M. Khan
MBBS.( Delhi)
DTMH (Kolkata)
Reg. No.-44230
Dr. M.M. Khan 24 Hrs Available

Dr. R. Kumar
MBBS.( Maharashtra)
General Physician & Child specialist.
Sadar Hospital, Koderma
Dr. Ajay Kr. Akela
MBBS.( Col.)
General Physician
Work Experience : PMCHB, Patna
BLOOD TEST
CBC | SUGAR | L.F.T. | K.G.T.
LIPID PROFILE | THYROID
TUBERCULOSIS | URINE R/E
STOOL R/E & OBT | ELECTROLYTES
SEMEN ANALYSIS | P.TIME
NH-2, लस्करी मोड़, नियर लोक नायक फैमिली रेस्टुरेंट, रसोईया धमना, बरही
मोबाइल : 7903856586, 9931874590

## आजप्ता की ऑनलाइन बैठक में आंदोलन पर बनी रणनीति, 4 से 19 नवंबर तक चलेगा कार्यक्रम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


मथुरा प्रसाद


अयोध्या प्रजापति

अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, बरही की एक बैठक ऑनलाइन की गई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अयोध्या कुम्हार एवम संचालन सचिव मथुरा प्रसाद किया। इस ऑनलाइन बैठक में राज्य संघ के आह्वान पर अपनी 4 सूत्री मांगों जैसे छठे पुनरीक्षित वेतनमान की विसंगति दूर करने, झारखंड के शिक्षकों को एमएसीपी न्यूनतम वृतिक उन्नयन देने , अंतर जिला स्थानांतरण की प्रक्रिया सरल करने एवम गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त रखने पर विचार किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया की उपरोक्त मांगों के समर्थन में प्रखंड के सभी शिक्षकों के द्वारा 4 एवं 5 नवंबर को काला फीता लगाकर विद्यालयों में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 7 से 12 नवंबर 2022 को अपने क्षेत्र के सांसद एवं विधायकों को संबंधित ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराते हुए उनका सहयोग प्राप्त किया जाएगा । 19 नवंबर 2022 को मुख्यमंत्री झारखंड का घेराव किया जाएगा। इन विषयों पर गहन विचार विमर्श करते हुए एकजुटता का परिचय देने का संकल्प लिया गया। इस वर्चुअल बैठक में प्रखंड से कई शिक्षकों ने भाग लिया ।

## बरही गया रोड में आकाश पैलेस का हुआ शुभारंभ, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने किया उद्घटान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


आकाश पैलेस का उद्धघाटन करते पूर्व विधायक एवं अन्य

बरही गया रोड में स्थित ओवर ब्रिज के नजदीक सभी सुविधाओं से सुसज्जित आकाश पैलेस का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर किया। आकाश पैलेस के संचालक नरेश प्रजापति ने बताया की हमारे पैलेस एसी एवं नॉन एसी कमरा का भी व्यवस्था है। साथ ही ऑर्डर पर खाना का भी प्रबंध किया जायेगा। मौके पर बरही पूर्वी जीप सदस्य सह जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही पश्चिमी जीप सदस्या प्रीती कुमारी, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, कृष्णा प्रजापति, प्रकाश प्रजापति, नरेश प्रजापति, संजय दुबे, भगवान केशरी, गोपाल प्रजापति, देवधारी प्रजापति, अरुण प्रजापति, विजय प्रजापति, नंदकिशोर कुमार, परमेश्वर प्रजापति, मनोज प्रजापति, संतोष प्रजापति, सुशील कुमार, सरजू साव, सुबोध कुमार, पिंटू साव, राजेश प्रजापति, जयंत कुमार, मुनेश कुमार, कुंदन कुमार, संजय कुमार, तुलसी, उमेश केशरी सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

## ब्रह्मा विद्या विहंगम ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन, 12 लोगो ने किया रक्तदान





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही हजारीबाग रोड में स्थित शकुंतला पैलेस में ब्रह्मा विद्या विहंगम द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे कुल 12 लोगो ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले व्यक्तियों में कृष्णा कुमार गुप्ता, कुणाल कुमार गुप्ता, संजय प्रसाद मेहता, प्रदीप कुमार, सरयू यादव, रामचंद्र राम, रविशंकर प्रियदर्शनी, राजकुमार, सिकंदर सिंह, दिनेश्वर सिंह, किशोर सिंह एवं महेश प्रसाद शामिल है। रक्तदाताओं ने कहा की रक्तदान महादान है यह महादान खून के अभाव में तड़प रहे मरीजों को जीवनदान प्रदान करता है। जिसको लेकर युवाओं से रक्तदान करने के लिए आवाह्न किया। मौके पर मौजूद कृष्णा गुप्ता ने बताया की खून लेने और देने वालों के बीच एक प्रकार का खून का रिश्ता बन जाता है। वहीं सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस शिविर का आयोजन कराने में ब्रह्मा विद्या विहंगम के डॉ महेश प्रसाद, कृष्णा गुप्ता, रामगोविन्द सिंह, दिनेश सिंह, सिकंदर सिंह, किशोर सिंह, राजदेव सिंह, राजू कुमार, संजय प्रसाद मेहता, सरयू यादव, प्रदीप कुमार, रामचंद्र राम, पप्पू राम, प्रमोद कुमार गुप्ता, करण कुमार गुप्ता, कुणाल कुमार गुप्ता, वादो सिंह, रवि शंकर सिंह एवं महेंद्र दुबे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## कान्हाचक में निकला भव्य कलश यात्रा, पूर्व विधायक सहित सैकड़ो लोग हुए शामिल

### भक्तिमय हुवा बेलाही पंचायत, वातावरण का होगा शुद्धिकरण : मनोज यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



बेलाही पंचायत के कान्हाचक में कलश यात्रा के साथ पाँच दिवसीय कलश यात्रा का शुभारंभ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ के साथ बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिपा सदस्या आरती कौशल, राकेश रंजन, स्थानीय मुखिया मंटू सिंह, समिति सदस्य विकास रजक, भाजपा नेता रामस्वरूप पासवान, सीताराम साहू, गजाधर प्रसाद, सहित अन्य। कलश यात्रा हनुमान मंदिर से निकलकर बेलाही जंगल मे अवस्थित कुंडा नदी तक पहुँचा। यज्ञ आचार्य के मंत्रोचारण के साथ कलश भरनी का कार्य सम्पन्न हुवा। यज्ञ समिति अध्यक्ष अशोक यादव, सचिव ब्रहदेव यादव, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, उपाध्यक्ष प्रकाश ठाकुर आदि ने अतिथियो को भगवा गमछा देकर समान्नित किया। समिति ने बताया कि पांच दिनों तक चलने वाले यज्ञ के प्रतिसंध्या प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कलश में उपस्थित श्रद्धालुओ को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि पूरा बेलाही पंचायत भक्तिमय हो गया है। यज्ञ के आयोजन से आसपास के क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है। क्षेत्र में सुख शान्ती व समृद्धि बना रहता है। कलध यात्रा में भाजपा नेता सुधीर कौशल, संजय सिन्हा, रंजन सिंह, मनोज यादव, कपिल यादव, पिन्टू सोनी, विजय साव, अशोक यादव, ठ्कुरी यादव, ब्रह्मदेव यादव, सुरेंद्र यादव, प्रकाश ठाकुर, मनोहर यादव, पिंटू यादव, गुल्ली यादव, कप. ीलदेव यादव, मनोज यादव, पप्पू राणा, महेंद्र यादव, लाछो यादव, सचु यादव, कामेश्वर यादव,सूरज यादव,राजू यादव सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का दूसरा चरण में सांसद आदर्श पंचायत कैंडीनगर में लगा शिविर

### शिविर में आए दर्जनों मामले,कई का ऑनस्पर्ट हुआ निदान

### गरीबो के लिए बरदान साबित हो रहा है सरकार आपके द्वार कार्यक्रम :एस डी एम

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : प्रखण्ड में आपका सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का दूसरा चरण के दूसरे दिन गुरुवार को प्रखण्ड के सांसद आदर्श पंचायत के पंचायत सचिवालय में किया गया,जिसका अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज़ अंसारी ने किया।कार्यक्रम की शुरुआत एस डी एम साहब एवं बी डी ओ तथा प्रमुख तथा समिति सदस्य ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।उसके बाद बाद एस डी ओ,बी डी ओ,प्रमुख एवं अन्य ने शिविर में लगाए गए सभी स्टॉलों का निरीक्षण बारी बारी से किया।उसके बाद गरीब और असहाय लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया।वहीं शिविर में राशन कार्ड,आवास,एवं अन्य विभाग से सम्बंधित सैकड़ों मामले आए।जिनमें कुछ का निदान ऑन सपॅार्ट ही किया गया।एस डी ओ श्री अंसारी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम ब्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। तथा यह शिविर गरीबो के लिए बरदान साबित हो रहा है।मौके पर बी पी ओ नीरज पासवान,जिला सहकारिता पदाधिकारी, विजय चौबे समिति सदस्य,के अलावा सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।




## एनटीपीसी जागृति महिला संघ ने स्कूली बच्चों के बीच वेंडिंग मशीन एवं सेनेटरी पैड भेंट किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा संचालित जागृति महिला संघ की अध्यक्षा मीनाक्षी श्रीवास्तव ने मटवारी, हजारीबाग स्थित राजकीय पिछड़ी जाति आवासीय बालिका +2विद्यालय के बच्चियों के लिए सेनेटरी पेड वेंडिंग मशीन भेंट किया।श्रीवास्तव ने बच्चियों को अपने संबोधन में सेनेटरी के इस्तेमाल एवं बच्चियों के यौवनावस्था के दौरान होने वाले मासिक चक्र, विभिन्न शरीरिक, भवनात्मक आचरण संबंधी परिवर्तनों, संक्रमणों आदि के प्रति उनके संवेदनशीलता के विषय में बताया तथा उन्होने ने शिक्षकों एवं बच्चियों अभिभावकों से बात करते हुए कहा की 21वीं सदी में माता–पिता का ध्यान न केवल बच्चों की शैक्षणिक उपलब्धियों पर बल्कि उनके स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर भी होना चाहिए।इस कार्यक्रम में जागृति महिला संघ सदस्य अपर्णा अस्थाना, सुदीप्ता नन्दी, अनीता पाणीग्रही, दीपिका चौहान, इतीश्री प्रियदर्शनी, पिंकी महतो एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

## शमशान घाट सेवा समिति ने अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी का सहयोग किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


लकड़ी का सहयोग करते शमशान घाट सेवा समिति के लोग

बड़कागांव में समाजसेवियों के द्वारा चलाए जा रहे श्मशान घाट सेवा समिति के द्वारा लगातार ग्रामीणों को निशुल्क लकड़ी दाह संस्कार के लिए मुहैया कराई जा रही है। बता दें कि समिति के द्वारा लकड़ी के साथ–साथ पितांबरी भी दिया जाता है। समिति के अध्यक्ष दिनेश सिन्हा एवं मुखिया रंजीत कुमार का कहना है कि मृत्यु एक अंतिम सत्य है, एक ना एक दिन सभी को मृत्यु की कड़वी सत्य से होकर गुजारना है, इसलिए गरीब से गरीब लोगों को भी अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी की समस्या से ना जूझना पड़े इसलिए हम लोगों ने यह समिति का गठन किया है। मौके पर मुख्य रूप से श्मशान घाट सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश सिन्हा, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, बड़कागांव मध्य पंचायत समिति सदस्य रितेश कु. ठाकुर, संजय राम, विशाल ठाकुर, विनय ठाकुर, कुणाल कुमार और सौरभ कुमार के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

